कार्यालय, नगर निगम, आगरा।

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम, आगरा द्वारा दीपावली मेला का आयोजन जी0आई0सी0 मैदान, एम0जी0रोड–2 पर दिनांक 28.10.2021 से दिनांक 4.10.2021 तक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त मेले में दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनमानस द्वारा घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुओं का क्रय किया जाता है साथ ही त्यौहार के अवसर को उल्लासपूर्वक मानाये जाने के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय स्तर पर विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ क्रियान्वित होती हैं, को सुरक्षित व व्यवस्थति तरीके से आयोजित कराने हेतु मेले में आने वाले आगुन्तकों के वाहनों को पार्क कराने के दृष्टिगत जी0आई0सी0 मैदान स्थित पार्किंग स्टैण्ड से पार्किंग शुल्क की वसूली हेतु नगर निगम में पंजीकृत/उक्त कार्य में दक्ष फर्मों के माध्यम से दिनांक 25.10.2021 अपराह्न 2:00बजे तक मुहरबन्द निविदायें सम्पत्ति विभाग कार्यालय कक्ष में उपलब्ध निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण नगर निगम, आगरा की वेबसाइट http://nagarnigamagra.com पर देखी जा सकती हैं। वेबसाइट से डाउनलोड किये गये निविदा के साथ मूल्य रू0 500/– रू0 का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम, आगरा के नाम संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा दिनांक 25.10.2021 को सांय 4:00बजे अपर नगर आयुक्त(प्रथम) कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। रू0 10,000/– अर्नेस्ट मनी के रूप में निविदा के साथ केवल नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा के नाम बन्धक एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में ही स्वीकार्य होगी। बिना अर्नेस्ट मनी की निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार समक्ष अधिकारी को होगा। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

21/10/21

प्रभारी पार्किंग
नगर निगम, आगरा।

पत्रांक:– 754/D/RS/2021

दिनांक:– 22/10/2021

प्रतिलिपि:–

1. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
2. निविदा समिति को सूचनार्थ।
3. जनसम्पर्क अधिकारी को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
4. आई0टी0ऑफीसर को इस निर्देश के साथ कि निविदा प्रपत्र आदि को नगर निगम की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. स्टोर कीपर (सामान्य)

21/10/21

प्रभारी पार्किंग
नगर निगम, आगरा।